## खबर संक्षेप

### बाइक चोर को पुलिस ने दबोचा

**शहडोल।** जिले के खैरहा थाना क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए युवक की बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी, जिसकी शिकायत युवक ने थाने में दर्ज करवाई, पुलिस ने मामले पर पड़ताल की और आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक भी बरामद की है ,घटना 24 जनवरी को घटी थी। आरोपी ने चोरी की बाइक को जंगल में छुपा कर रखा था। बताया गया कि खैरहा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव में 24 जनवरी को दुर्गा प्रसाद लोधी के परिवार में शादी थी, दुर्गा प्रसाद ने पुलिस से शिकायत में बताया कि वह वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने मोटरसाइकिल को पंडाल के बाहर खड़ा कर कार्यक्रम में शामिल होकर जब वापस घर लौटने के लिए अपनी बाइक की तलाश करने लगा तो, उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। रात में ही उसने मामले की शिकायत थाने में दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की, पुलिस थाना क्षेत्र के निगरानी शुदा बदमाश अनिल उर्फ बंटी ढीमर को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की तो, बाइक चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बाइक को जंगल में छुपा कर रखा था, जहां से पुलिस ने बाइक को बरामद किया, पुलिस आरोपी के कब्जे से बाइक बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अनिल उर्फ बंटी ढीमर थाना क्षेत्र का निगरानी शुदा बदमाश है। पूर्व में भी बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी दिलीप सिंह, आरक्षक सतीश चौरसिया ,मॉरीश एवं अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

**इनका कहना है...**

आरोपी को डर था कि वह अगर बाइक को अपने घर में रखेगा तो शायद उसे पुलिस पकड़ लेगी, इसलिए उसने जंगल में बाइक को छुपाया था और रात में बाइक से घूमा करता था।

**दिलीप सिंह**
**थाना प्रभारी, खैरहा**

### विधानसभा और संसद में युवाओं को मिलेगा बोलने का अवसर

**शहडोल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के तहत विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम युवाओं को 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगा। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, जिससे 18 से 25 वर्ष की आयु के युवाओं को राजनीति और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुडऩे का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना ,पंडित शम्भुनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय को नोडल प्रभारी बनाया गया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न होगी। इस कार्यक्रम के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 9 मार्च रखी गई है। चयन प्रक्रिया जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होगी। प्रत्येक जिले से चुने गए युवा राज्य स्तर पर भाग लेंगे और फिर 150 सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय स्तर पर संसद में अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। इस चयन प्रक्रिया में शिक्षाविदों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया है, जो प्रतिभागियों का मूल्यांकन करेंगे। संसद 2025 का आयोजन इस युवा संसद का आयोजन संसद 2025 के तहत किया जाएगा, जिसमें देशभर से चुने गए युवा अपनी विचारशीलता और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रणाली से जोडऩा और उन्हें नीति-निर्माण प्रक्रिया में शामिल करना है। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए 9 मार्च तक आवेदन करेंगे। इस प्रतियोगिता में शहडोल , उमरिया और अनूपपुर जिले के 18 से 25 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं।

### मत्स्य पालन क्षेत्र में नई तकनीकों पर मंथन, 6 मार्च तक चलेगा आयोजन

# एक्वा एक्सपो एवं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की भव्य शुरुआत

शहडोल

पंडित शंभू नाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस एवं 'एक्वा एक्सपो' का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन एक्वाकल्चर में नवीनतम प्रवृत्तियाँ विषय पर केंद्रित है और 4 से 6 मार्च 2025 तक चलेगा। इस सम्मेलन में भारत और विदेशों से आए वैज्ञानिक, शोधकर्ता, उद्योग विशेषज्ञ एवं विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर में नई तकनीकों, अनुसंधान और अवसरों पर चर्चा करना है।उद्घाटन समारोह में शामिल हुए गणमान्य अतिथियों में मुख्य रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ.दिलीप कुमार (पूर्व निदेशक एवं कुलपति, आईसीएआर - केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान, मुंबई) के कर कमलों द्वारा किया गया। इसके अलावा, मुख्य संरक्षक प्रो. राम शंकर सिंह (कुलगुरु ), डॉ. आशीष तिवारी कुलसचिव , प्रो. अमित निगम अध्यक्ष, मत्स्य विभाग, डॉ .वंदना राम कॉन्फ्रेंस सचिव एवं डॉ. पियूष मिश्रा संयुक्त कॉन्फ्रेंस सचिव ने भी उद्घाटन समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस सम्मेलन की मुख्य बातें जिन पर मंथन किया जायेगा , मत्स्य पालन और जलीय कृषि की आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत चर्चा, छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए कार्यशालाओं और प्रदर्शनियों का आयोजन,मछली उत्पादन, प्रबंधन, विपणन और सतत विकास पर विशेषज्ञों के व्याख्यान, मत्स्य व्यवसाय और उद्योग क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों के लिए नए अवसरों की खोज, सम्मेलन का आयोजन और नेतृत्व आयोजक विभागः मत्स्य विभाग, पंडित शंभू नाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, द्वारा किया जा रहा है, कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अमित निगम विभागाध्यक्ष- मत्स्य विभाग ने आयोजन के बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए मत्स्य विभाग के आगामी योजनाओ की चर्चा की और सभी



उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। डॉ .वंदना राम ने आयोजन की विविधताओं ,विशेषताओं और आयोजन के पीछे कुलगुरु उनके प्राध्यापक और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ की गई मेहनत को चिन्हित करते हुए आयोजन की सफलता पर व्याख्यान दिया और मूल मंत्र के रूप मए बताया की कोशिश करने बालो की कभी हार नहीं होती। आयोजन समिति में डॉ. उमा सिंह, डॉ. ममता प्रजापति, डॉ. योगिता बसने, डॉ. मौशमी कर, डॉ. शिवानी शर्मा, डॉ. पूजा गौर, आदि ने विशेष सहयोग दिया । छात्र नेतृत्व टीमः पुष्पा क्वाट, पुष्पराज सिंह मार्को, तंजीन खान, अफसान खान, किरण सिंह, महिमा सिंह कंवर, आदि।

प्रो के कुमार ने पूर्व विभागाध्यक्ष मत्स्य विभाग ने कहा कि भारत में मत्स्य पालन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और सरकार भी इस क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है। यह सम्मेलन उन विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और उद्यमियों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा जो इस क्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाशना चाहते हैं। इस सम्मेलन का विषय एक्वाकल्चर में नवीनतम प्रवृत्तियाँ रखा गया है, जिसमें भारत सहित कई देशों के विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी भाग लेंगे।यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

उद्घाटन भाषण में डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि भारत में एक्वाकल्चर और मत्स्य पालन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से मत्स्य पालन को और अधिक व्यवसायिक एवं सतत विकास उन्मुख बनाया जा सकता है।उन्होंने कहा, आज भारत विश्व में मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी देशों में शामिल है। नई तकनीकों, अनुसंधान और सतत विकास को अपनाकर हम वैश्विक बाजार में अपनी स्थिति और मजबूत कर सकते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने जलवायु परिवर्तन से मत्स्य पालन पर पडऩे वाले प्रभाव और इसे कम करने के उपायों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट एक्वाकल्चर, जल संसाधनों का कुशल उपयोग और टिकाऊ मत्स्य पालन की दिशा में काम करने की जरूरत है।छात्रों और शोधकर्ताओं को दिए सफलता के मंत्र- शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में नवाचार एवं उद्यमशीलता को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत में नीली क्रांति को सफल बनाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और इस क्षेत्र में सरकार द्वारा कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। डॉ. कुमार ने जलीय कृषि की नई तकनीकों, मत्स्य प्रजनन, मत्स्य विपणन एवं निर्यात के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर एक्वाकल्चर के विकास एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने पर बल दिया।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. रामशंकर कहा कि मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि के बढ़ते महत्व और इस क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति पर विचार करें मत्स्य पालन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा मिलेगा, मत्स्य पालन भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है।उन्होंने बताया कि एक्वाकल्चर न केवल खाद्य सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करता है।भारत को एक्वाकल्चर के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्राप्त करने के लिए नवाचार और अनुसंधान पर अधिक ध्यान देना होगा। शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए विशेष संदेश देते हुए कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और यह क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत अभियान में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे नई तकनीकों, स्मार्ट एक्वाकल्चर, और सतत विकास की रणनीतियों को अपनाकर मत्स्य पालन को और अधिक उन्नत बनाएं।यह सम्मेलन न केवल शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि युवाओं को मत्स्य पालन के क्षेत्र में नई संभावनाओं से अवगत कराने का भी सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। इस आयोजन में प्रतिभागियों को मत्स्य पालन उद्योग में नवीनतम शोध और तकनीकों को समझने एवं नए विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा।नेचर ड्रॉप, चैपलिन एक्वा, और स्मार्ट लॉन जैसी कंपनियां इस आयोजन की प्रायोजक हैं, जो मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। उनका योगदान सराहनीय है। प्राध्यापक ,सह-प्राध्यापक ,सहायक प्राध्यापक ,विश्वविद्यालय के कर्मचारी ,हजारो की संख्या में छात्र -छात्राएं ,अभिवावक ,गणमान्य नागरिक ,पत्रकार बधुओं की उपस्थिति थी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता प्रजापति ने किया ,अतिथियो का सम्मान शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह दे कर किया गया, उद्घाटन समारोह में कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी ने सभी अतिथियों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह सम्मेलन मत्स्य उद्योग और अनुसंधान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। डॉ. आशीष तिवारी ने कहा कि यह सम्मेलन मत्स्य पालन, जलीय कृषि और एक्वाकल्चर उद्योग में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा हमारा विश्वविद्यालय वैज्ञानिक शोध, नवाचार और शिक्षण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह आयोजन उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने छात्रों, शोधकर्ताओं, प्रायोजकों और मीडिया प्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह सम्मेलन सफल हो रहा है। आयोजन समिति के सभी सदस्यों का विशेष रूप से धन्यवाद किया। समारोह के बाद फीता खोल कर कुलगुरु प्रो रामशंकर एवं डॉ.दिलीप कुमार पूर्व निदेशक एवं कुलपति, आईसीएआर - केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान, मुंबई के द्वारा एक्वा एक्सपो की औपचारिक शुरुआत की गई स्थानीय सलाहकार बोर्ड के सम्मानित सदस्य प्रो. प्रवीण शर्मा,प्रो. प्रमोद पांडेय,प्रो. एम.के. भटनागर,प्रो. गीता सराफ प्रो. सुनीता वाथरे,डॉ.डॉ मनीषा तिवारी ,डॉ नीलिमा खरे ,डॉ एच एल मरावी ,डॉ चेतना सिंह ,डॉ अनिल कुमार गुप्ता ,डॉ गंगाधर डोके आदि थे।कार्यकम में प्राध्यापक ,सह-प्राध्यापक ,सहायक प्राध्यापक ,विश्वविद्यालय के कर्मचारी ,सैकड़ो की संख्या में छात्र -छात्राएं ,अभिवावक ,गणमान्य नागरिक ,पत्रकार बधुओं की उपस्थिति थी।

### खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर चला रहे दुकान

# मिलावटी माल बिक रहा, खाद्य एवं औषधि विभाग उदासीन

**शहडोल।** गंदगी का निवारण और परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी केवल नगरपालिका की ही नहीं है, शासन का एक और विभाग ऐसा है, जिसकी इस मामले में साझा जिम्मेदारी है। वह विभाग है खाद्य एवं औषधि विभाग जो कि जिला स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ है। मानव जीवन की सुरक्षा के लिए खान पान की सामग्रियों में खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन कराना और उस पर नजर रखना इसकी जिम्मेदारी है, लेकिन यह विभाग पूर्णतया भूमिगत प्रतीत होता है। इसकी कोई भी कार्रवाई फील्ड पर दिखाई नहीं पड़ती है। जबकि होटलों, किराना दूकानों व ऐसी जगहों का मुआयना करना इसकी जिम्मेदारी है जहां खाद्य सामग्रियों व्यवसाय होता है। इस विभाग के कुछ कारिंदे त्योहारों के समय अंदर से निकल कर ऊपर सांस लेते हैं और होटलों व दूकानों में औचक निरीक्षण करते हैं और फिर वे अगले त्योहारों के लिए सुसुप्तावस्था में चले जाते है। होली का पर्व करीब आता जा रहा है, लिहाजा कुछ ही समय में मिष्ठान भंडारों व खानपान की दुकानों में दविश डालकर सामग्रियों का नमूना लिया जाएगा।

#### कमाई का डौल बैठाते हैं

खाद्य एवं औषधि विभाग के निरीक्षक व अधिकारी त्योहारों पर दविश इसलिए डालते हैं कि जिससे उनके रिश्वत की मलाई निकल आए। इसके बाद उन्हे इस बात से सरोकार नहीं रहता है कि कहां कौन क्या बेच रहा है। कहां विषाक्त सामग्री बिक रही है और कौन मानव जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। इनकी कार्यशैली का ही यह नतीजा है कि आज तक इस विभाग का नाम भी लोग नहीं जानते हैं। बताया गया कि विभाग के लोग अपना वार्षिक टारगेट पूरा कर लेते हैं और आराम से सोते रहते हैं। उन्हें हर महीना दुकानों से मोटी रकम बतौर रिश्वत मिल जाती है। वे इधर-उधर घूमते रहते हैं। गुणवत्ताविहीन खाद्य सामग्रियां सरेआम बाजारों में बिकती रहतीं हैं और इन्हे भनक भी नहीं लगती है।

#### मिलावट खोरी बढ़ रही

जिले भर की दुकानों में इन दिनों मिलावटखोरी खासतौर पर घी-तेल, मसाला, बच्चों के नूडल्स आदि में जमकर चल रही है। मिठाइयां फंफूद लगे मावे से बन रहीं हैं। लोग मिलावटी सामान बेचकर जमकर कमाई कर रहे हैं और लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। डेयरी भण्डारों और होटलों की मिठाई, कचौरी, समोसा आदि सब मिलावटी तेल-घी से बनाए जा रहे हैं। मिठाइयों में विषाक्त रंगों का प्रयोग किया जा रहा है, जो आकर्षक तो दिखता है लेकिन रहता हानिप्रद ही है। खाद्य एवं औषधि विभाग कभी इन होटलों में दबिश नहीं डालता। बुढ़ार का एक होटल तो आज भी घटिया तेल बड़े पैमाने पर खपाने के लिए अपनी पहचान बनाता जा रहा है। इस होटल पर आज तक अफसरों की दविश नहीं पड़ी। कारण आखिर क्या है, इस दुकान जैसी न जाने कितनी ऐसी दुकाने और होटल चल रहे हैं, जिनकी गर्दन नापी जानी चाहिए।

#### चाट की दुकानों व होटलों में गंदगी

नगर के अधिकांश चाय नाश्ते की होटलों में खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है। यहां नाश्ते की सामग्रियां ढांक कर भी नहीं रखी जातीं हैं। नीचे से नालियां बहती रहतीं हैं, ऊपर कांउटर के समीप खुले में समोसा, जलेबी, लड्डू रखे रहते हैं।इन्ही को ग्राहकों को खिलाया जाता है। संभाग मुख्यालय के होटलों में आज तक खाद्य एवं औषधि विभाग इतनी भी नसीहत नहीं दे सका कि कम से कम नाश्ते के सामान ढांक कर तो रखा करें। होटल वालों को नहीं मालुम की खुले में सामान रखकर बेचना खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन है। इसके लिए जुर्माना भी लग सकता है। होटलों की सर्विस की जांच तो कभी की ही नहीं जाती। यहां गंदे पानी की सप्लाई की जाती है। चाट के ठेलों में तो और बुरा हाल है। यहां मैले कुचैले प्लास्टिक के डिब्बों में पानी भर कर रखा जाता है। उसके ऊपर एक गिलास रख दी जाती है। सब उसी से पानी-पीते हैं। वास्तव में खानपान से इन्ही स्थानों से संक्रमण फैलता है।

### संभाग के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**शहडोल।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उमेश कुमार धुर्वे ने बताया कि संभागीय मुख्यालय के दिव्यांग छात्रावास में संभाग स्तरीय ब्रिज कोर्स आवासीय प्रशिक्षण हिंदी अंग्रेजी गणित के विषयों के अध्यापन कार्य करने वाले कक्षा 9 वीं के संभाग के अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया जिले के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हिन्दी विषय का प्रशिक्षण दिनांक 27 फरवरी से 01 मार्च तक एवं गणित विषय का प्रशिक्षण 02 मार्च से 04 मार्च तक रहा है, जिसमें अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण 05 मार्च से 07 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक संचालक खेल रईस अहमद, आर.के.मंगलानी, अरूण कुमार कुशराम ने भी सहभागिता निभाई।




# सड़क दुर्घटना में घायलों से युवकों ने की मारपीट

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के कोनी तिराहे के पहले 02 बाइक आपस में भीड़ गई, जिसमें एक बुजुर्ग और एक युवक को चोट पहुंची तो, वहीं बाईपास से कोनी की ओर जा रही कार में सवार चार युवक मौके पर पहुंचे और घायल बाइक सवार बुजुर्ग और युवक को बुरी तरीके से पीटने लगे। जिसका वीडियो भी सामने आया है। घायल समझ नहीं पा रहे थे कि उनके साथ कार सवार युवक मारपीट क्यों कर रहे हैं। हालांकि बाद में यह स्पष्ट हुआ कि कार के आगे-आगे चल रही बाइक सामने से आ रही बाइक से भीड़ गई। जिससे कार चालक अनियंत्रित हो गया और किसी तरीके से ब्रेक लगाकर उसने अपने वाहन को रोक लिया, लेकिन कार चालक और उसमें सवार युवक इस बात से नाराज थे कि शायद उनकी महंगी गाड़ी को भी नुकसान पहुंच सकता था। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू की, घटना सोमवार की शाम तकरीबन 07 बजे शहडोल-रीवा मुख्य मार्ग की है।

पुलिस ने बताया कि सोहागपुर थाना क्षेत्र के कोनी तिराहे के ठीक पहले आमने-सामने दो बाइक भीड़ गई। जिसमें दो लोग सवार थे, एक बाइक में 60 वर्षीय बुजुर्ग तो, दूसरी बाइक में 25 वर्षीय युवक सवार था। आमने-सामने टक्कर होने से बाइक सवार दोनों लोग बुरी तरीके से जख्मी हो गए। बुजुर्ग के पैर में एवं युवक के हाथ में गंभीर चोट पहुंची। दोनों को अस्पताल पहुंचाने की वजह कार सवार युवकों ने घायल बाइक सवारो की पिटाई कर दी। वहीं मौके पर खड़े कुछ लोगों ने इसका विरोध किया तो युवकों ने उनसे भी उलझने की कोशिश की। भीड़ भाड़ होने के बावजूद भी युवकों ने अपनी गुंडागर्दी लोगों के सामने दिखाई और घायल बुजुर्ग और युवक को बुरी तरीके से पिटाई की है। वही मौके पर खड़े एक शख्स ने घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

**इनका कहना है...**

मारपीट की शिकायत अब तक थाने नहीं आई है, अगर शिकायत थाने आती है तो, हम यवकों के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे, दो बाइक आपस में भिडऩे से दो लोग घायल हुए थे, पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है, जब पुलिस मौके पर पहुंची तब पता चला कि कुछ कार सवार लोगों ने घायलों के साथ मारपीट की है, लेकिन पुलिस के पहुंचने के पहले ही युवक फरार हो गए थे।

**भूपेंद्र मणि पाण्डेय**
**थाना प्रभारी, सोहागपुर**

### खबर संक्षेप

## कल अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन

**उमरिया।** प्राचार्य आईटीआई उमरिया ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उमरिया में अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 6 मार्च को प्रातः 9.30 बजे से किया गया है । मेले में सुजुकी प्राईवेट लिमिटेड हंसलपुर गुजरात कंपनी भाग लेगी । शैक्षणिक योग्यता आईटीआई उत्तीर्ण पुरूष अभ्यर्थी शामिल हो सकते है । आयु 18 से 24 वर्ष निर्धारित है। अभ्यर्थी अप्रेन्टिसशिप मेले में भाग लेने के लिए अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा , सीवी, रिज्यूम सहित निर्धारित तिथि एवं स्थान पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है ।

## मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की नियमित समीक्षा करें अधिकारीः कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जब भी वे भ्रमण में जाएं तो शालाओं में संचालित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का भी निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मीनू के अनुसार भोजन, विद्यार्थियों को दिए जाने वाले भोजन की मात्रा, भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके साथ ही स्कूल मे उपलब्ध खाद्यान्न की गुणवत्ता एवं मात्रा का भी अवलोकन किया जाए। यदि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सही नही पाई जाती है तो उसका प्रतिवेदन जिला पंचायत एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को प्रस्तुत किया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी आ नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , अंबिकेश प्रताप सिंह , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## पुलिस अधीक्षक ने प्रशासनिक दृष्टि से कर्मचारियों को किया स्थानांतरित

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने प्रशासनिक दृष्टि से कर्मचारियों को स्थानांतरित किया है, जिसमें का. सहायक उपनिरीक्षक क्लामेंट जॉन को रक्षित केंद्र से थाना कोतवाली, का. प्रधान आरक्षक विनोद ठाकुर को रक्षित केंद्र से थाना चंदिया, का. प्रधान आरक्षक मनोज सिंह परस्ते को रक्षित केंद्र को थाना यातायात, आरक्षक देवेन्द्र सिंह रघुवंशी को थाना चंदिया को रक्षित केन्द्र रीडर कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अर्पणा द्विवेदी को रक्षित केंद्र उमरिया को थाना कोतवाली तथा प्रिया मिश्रा को रक्षित केंद्र उमरिया से थाना नौरोजाबाद स्थानांतरित किया है। पुलिस अधीक्षक ने सूबेदार अमित विश्वकर्मा रक्षित केंद्र को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक प्रशासनिक दृष्टि से प्रभारी नियंत्रण कक्ष कंट्रोल रूम में शासकीय कार्य के लिए लगाया है । रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र का प्रभार सूबेदार शरद श्रीवास्तव द्वारा संपादित किया जाएगा ।

## नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ



**राजनगर।** नगर परिषद क्षेत्र बनगवां (राजनगर) के अंतर्गत जोड़ा तालाब राजनगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में नव दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ महाशिवरात्रि पर्व से प्रारंभ है, जो की 6 मार्च तक चलेगा 7 मार्च को भंडारा है। इस श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक मनोज गौतम (मैहर वाले) उमेश त्रिपाठी महराज अनूपपुर, रामचंद्रदास महाराज द्वारा श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम हो रहा है। प्रतिदिन शाम को राम कथा होती है। सीता विवाह, शिव विवाह व अन्य झांकियां निकलती हैं। शाम के वक्त कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। जिससे माहौल भक्तिमय बना रहता है। श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्री श्री शिव शक्ति महामाया रामायण मंडली श्री राम जानकी काली मंदिर जोड़ा तालाब राजनगर द्वारा कराया जा रहा है। आयोजक समिति द्वारा सभी नगर वासियों से निवेदन किया गया है कि इस रामकथा में उपस्थित होकर इस राम कथा का लाभ अवश्य उठाएं।

### प्रतिबंधित क्षेत्र में रिसोर्ट दिख रहे, रोजगार के अवसर घटे

# बीटीआर में चल रहा थैलीशाहों का राज, प्रबंधन बना गुलाम

**उमरिया।** शासन के नियम कायदे अब अफसरों की स्वेच्छाचारिता के सामने बेमानी से होकर रह गए हैं। यह बात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में स्पष्टतया चरितार्थ होती नजर आती है, जहां प्रतिबंधित कोर एरिया में भी धनकुबेरों का कब्जा होता जा रहा है और कांक्रीट के लम्बे चौड़ रिसोर्ट बनवाए जा रहे हैं। ज्ञातव्य है कि एक तो पार्क के पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए कांक्रीट का निर्माण ही गलत है और दूसरी ओर यहां घुसपैठ कर स्थाई आवास बनाना तथा व्यवसाय संचालित करना और भी आपत्तिजनक व नियमविरुद्ध है। फिर भी देखा जा सकता है कि यह सरेआम चल रहा है। यही नहीं अब यहां हुकूमत भी इन्ही थैलीशाहों की चल रही है, रोजगार के अवसरों पर भी इनका कब्जा होता जा रहा है। गरीब आदिवासियों को रोजगार देने की सरकारी घोषणाएं व सुप्रीम कोर्ट तथा एनटीए की गाइडलाइन का शायद अब बस्ता बंद हो रहा है।

### आज भी रोजगार की आस

बीटीआर क्षेत्र और उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को लेकर चिंताजनक स्थितियां निर्मित होती जा रहीं हैं। प्रबंधन पूर्व के प्रावधानों को भुलाकर नई स्थितियां उत्पन्न कर देता है। इसीलिए यहां एक बार आक्रोश उभरा था और अक्टूबर 2024 में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाली विधानसभा मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह स्थानीय ग्रामीणों के साथ ग्रामीणों के रोजगार के लिए धरने पर बैठी थी। इस मामले के तूल पकडऩे के कारण बांधवगढ़ प्रबंधन को जिला स्तर से लेकर भोपाल मुख्यालय तक यह जवाब देना पड़ा था। निर्णय यह हुआ था कि बिना स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक के कोई भी निर्णय नहीं लिया जाएगा। लेकिन उसका कोई पालन नही हो रहा है।




स्थितियां पूर्ववत ही हैं और ग्रामीण आदिवासी रोजगार से वंचित होते जा रहे हैं।

### थैलीशाहों का सिर सहला रहे

अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की चिंता में दुबली होती सरकार रीजनल कॉन्क्लेव जैसे आयोजन कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने का प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व में बैठे जिम्मेदार अधिकारी चंद थैलीशाहों की चापलूसी करने पर आमादा है। वह उनका हिमायती बनकर उन्हे उनके अनुरूप सुविधाएं दे रहा है और उन्हे अपनी पनाह में रखकर मानो उनका सिर सहला रहा है। इस सेवा के बदले अफसरों को गड्डियां पहुंचायी जा रहीं हैं। कायदों को दरकिनार कर डॉ. अनुपम सहाय जैसे अधिकारी पूंजीपतियों को अनुचित लाभ पहुंचा रहे हैं। कुल मिलाकर बीटीआर को उजाडऩे और स्थानीय लोगों के हक पर डाका डाला जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते अगर प्रबंधन नहीं जागा तो, आने वाले दिनों में टाईगर रिजर्व में वृह्द आंदोलन का सामना करना पड़ सकता है।

### पॉलिसी का हो रहा उल्लंघन

बीटीआर प्रबंधन अमीरों का हितसाधक बना हुआ है, इनके लिए सरकार के नियम और पॉलिसी दरकिनार कर दिए जाते हैं और दूसरी ओर ग्रामीणों को नियमों का वास्ता देकर उनके लिए तरह तरह के अड़ंगे लगाए जा रहे हैं। बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व प्रबंधन के अधिकारी बड़े-बड़े नेताओं व पूंजीपति रिसोर्ट मालिको के दबाव में आकर भारत सरकार के द्वारा स्थानीय जनों के हितों हेतु जारी रोजगार पॉलिसी के विरुद्ध जाकर कार्य कर रहे हैं। हालांकि उक्त मामले में स्थानीयजनों में काफी आक्रोश है। साथ ही स्थानीय लोग प्रबंधन और सरकार के खिलाफ उच्च न्यायालय के दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार है। इतना अवश्य है कि जिस तरह बीटीआर प्रबंधन अमीरों का दास बनता जा रहा है उसे पटरी पर लाने के लिए आंदोलन करने और सरकार के सामने असलियत उजागर करने की आवश्यकता नजर आने लगी है।

## कलेक्टर, अपर कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्यायें



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारियों ने आम जनों की समस्यायें सुनी । जनसुनवाई में अखिलेश साहू ग्राम बरही ने धान का पैसा दिलाने, दुर्गा देवी ग्राम पाली ने बिजली कनेक्शन कराने, छोटेलाल अगरिया ग्राम भरौला ने विकलांग पेंशन दिलाने, दादूराम महरा ग्राम मोहनी ने महुआ का पेड दिलाने, विजय गुप्ता ग्राम जरहा ने किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, अजय गुप्ता मानपुर ने पुत्र की मृत्यु पर संबल योजना का लाभ दिलाने, विजय सोनी बिलासपुर ने फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन का विक्रय करने, भजन लाल सेमरिया ने सीमांकन व नक्सा सुधार कराने तथा अर्चना महार मझौली खुर्द ने निशक्त विवाह प्रोत्साहन का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन किया।

## छात्रावासों के निरीक्षण के लिए तैनात किए नोडल अधिकारी

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में बताया कि जिले में संचालित अनुसूचित जाति, जन जाति , प्री मैट्रिक तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों एवं आश्रमों के निरीक्षण हेतु जिला स्तर से नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। सभी नोडल अधिकारी संबंधित संस्थाओं का भ्रमण करें, वहां विद्यार्थियों से प्राप्त होने वाली सुविधाओं की जानकारी लें । भोजन ,पुस्तकालय, खेल व्यवस्था , बिस्तरों व्यवस्था एवं साफ सफाई तथा छात्रावास परिसर की साफ सफाई , शौचालय एवं किचन की साफ सफाई का भी वृहद निरीक्षण करें। छात्रावासो में उपलब्ध मद का उपयोग छात्रावास की व्यवस्था में व्यय करने के लिए संबंधित अधीक्षक को प्रेरित करें। जो भी कमियां पाई जाती है, उसका प्रतिवेदन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को दें तथा पूर्व में किए गए निरीक्षण का पालन प्रतिवेदन भी भेजना सुनिश्चित करें ।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी आ नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## पाली महाविद्यालय में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** वर्तमान समय मे इंटरनेट एवं बैंकिंग फ्रॉड के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को जागरूक करने एवं इंटरनेट तथा ऑनलाइन बैंकिंग के सही,सजग एवं सुरक्षित उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्धेश्य से नीति आयोग एवं नैसकॉम के सहयोग से पाली महाविद्यालय में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य हरलाल अहिरवार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वित्तीय जागरूकता एवं सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं के उचित उपयोग हेतु परामर्श देने उपस्थित हुए आईटी एक्सपर्ट आनंद गुप्ता एवं ऋतिक शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों को आजकल होने वाले वित्तीय फ्रॉड के संबंध में उपयोगी जानकारी देते हुए बताया गया कि किस प्रकार इंटरनेट के सही उपयोग से अनभिज्ञ भोले- भाले नागरिक धोकेबाजो के जाल में फँसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा बैठते है। कार्यक्रम मे संचालन कर रहे डॉ मंसूर अली ने कहा कि इंटरनेट एवं ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का सही एवं सुरक्षित उपयोग हमारी कई कठिनाइयों को आसान बना देता है। कार्यक्रम में डॉ शाहिद सिद्दीकी, अनुभव श्रीवास्तव, डॉ जेपीएस चौहान, डॉ ऋतु सेन, डॉ अनुपमा द्विवेदी, डॉ मनीषा अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## भव्य विजय उत्सव का हुआ आयोजन

**शहडोल।** जेके सीमेंट ने ठेकेदार भागीदारों के लिए विजय उत्सव समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम जेके सीमेंट और उसके मूल्यवान ठेकेदारों के बीच मजबूत संबंधों और अटूट साझेदारी का उत्सव था। कार्यक्रम की शुरुआत जेके सीमेंट के तकनीकी स्टेट हेड सुधीर मिश्रा, एरिया सेल्स मैनेजर राकेश तिवारी, दीपक रस्तोगी, हर्षित सिंह चंदेल, वतन सिंह चौहान, अक्षत जैन, अनीश मंसूरी और नीलेश जैन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस शुभ अवसर ने सकारात्मकता और कृतज्ञता के माहौल का निर्माण किया।

जेके सीमेंट के तकनीकी अधिकारी आकाश सिंह तिवारी ने विजय उत्सव के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा यह कार्यक्रम हमारे ठेकेदार बंधुओं के लिए एक उपहार विनिमय कार्यक्रम है, जहां वे अपने द्वारा अर्जित किए गए पॉइंट्स को विशेष उपहारों के लिए रिडीम कर सकते हैं। यह हमारी कंपनी के प्रति उनके समर्पण और वफादारी को स्वीकार करने का एक तरीका है।

कार्यक्रम में ठेकेदारों और जेके सीमेंट के अधिकारियों के बीच उत्साह और सौहार्द का माहौल था। गणेश वंदना के साथ शुरू हुए इस उत्सव में कई मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें ठेकेदार भागीदारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर, जेके सीमेंट के तकनीकी स्टेट हेड श्री सुधीर मिश्रा जी ने कहा, हम अपने सभी ठेकेदार बंधुओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। जेके सीमेंट की सफलता में उनका योगदान अमूल्य है। यह विजय उत्सव हमारी साझेदारी और हमारे अटूट बंधन का प्रमाण है। इस कार्यक्रम में जेके सीमेंट के अधिकारी आकाश कुशवाहा, रोहित सोनी, मनीष तिवारी, प्रवेश मिश्रा, सोनू साहू, प्रशांत रैले, मनीष शर्मा, शिवम मिश्रा, योगेश गुप्ता, राघवेंद्र साहू, बृजेश सोनी भी शामिल हुए, जिन्होंने ठेकेदारों के साथ बातचीत की और उनके बहुमूल्य सुझावों को सुना। जेके सीमेंट भारत में सीमेंट उद्योग में अग्रणी है, जो उच्च गुणवत्ता वाले सीमेंट और संबंधित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।

## वन्यजीव संरक्षण एवं वनों में आग न लगाने के उद्देश्य से निकाली गई साइकिल रैली





**उमरिया।** विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर क्षेत्र संचालक बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया डॉ. अनुपम सहाय एवं उपसंचालक प्रकाश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन एवं उनके नेतृत्व में वन्यजीव संरक्षण एवं वनो में आग न लगाने के उद्देष्य से जागरूकता सह सायकल रैली का आयोजन किया गया। रैली में विभिन्न परिक्षेत्रो के अधिकारी, कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिक शामिल हुए। कार्यक्रम में जिप्सी यूनियन, गाईड यूनियन एवं होटल यूनियन के प्रतिनिधियों का सहयोग रहा जिसमें विशेष रूप से अरण्यक रिसोर्ट द्वारा प्रदाय की गई सायकलों का सहयोग रहा। रैली को उपसंचालक बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा हरी झण्डी दिखाकर परिक्षेत्रों के विभिन्न गावों के लिए रवाना की गई। रैली में उपसंचालक, सहायक संचालक एवं परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा भी सायकल चलाकर वन्यप्राणियों के प्रति जागरूकता एवं वनों में आग न लगाने का सन्देश दिया गया। रैली के माध्यम से जीरो फायर मिशन 2.0 का भी शुभारम्भ किया गया। जीरो फायर मिशन 2.0 बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व द्वारा वनो में आग की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का एक संकलित रूप है।

## बागेश्वर धाम से पद यात्रा का भक्तों का जत्था आया वापस



**कोतमा।** नगर के बस स्टैंड माँ शैल पुत्री भक्त मंडल समिति के द्वारा बालाजी बागेश्वर धाम गढा के लिए भक्तों का जत्था 14 फरवरी को रवाना हुए थे। पदयात्री धार्मिक भजन करते हुए आस्था पूर्वक बागेश्वर धाम छतरपुर 24 फरवरी को पहुंचे। समिति के कौशल मिश्रा ने बताया कि बालाजी बागेश्वर धाम पदयात्रा के लिए लगभग 50 भक्तों ने पैदल यात्रा प्रारंभ कर बागेश्वर बालाजी धाम तक धार्मिक नगरी भठिया एवं मैहर होते हुए पहुंचे। पदयात्रा का जगह-जगह मुख्य मार्गो में ग़ाजेबाजे के साथ लोगों ने स्वागत किया। पदयात्रा भ्रमण करते हुए बालाजी बागेश्वर धाम से वापस कोतमा पहुंचने पर नागरिकों ने जोरदार स्वागत करते हुए साल श्री फल भेंट किया। पदयात्रा जत्थे में शामिल निक्की शर्मा ने बताया कि जब जत्था मैहर से रवाना हुआ तब पदयात्रा में एक कुत्ता भी शामिल हुआ और बालाजी बागेश्वर धाम तक पदयात्रियों के साथ पहुंचा और उसके बाद उस कुत्ते का पता नही चला। जगह-जगह जत्थे का स्वागत जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा पुलिस पुलिस विभाग के द्वारा रूकने एवं खाने की व्यवस्था की गई थी ।

## पुलिस ने जप्त किया 12 लीटर शराब

**कोतमा।** होली त्योहार की आहट के साथ ही ग्रामीण अंचल में अवैध शराब बिक्री ने जोर पकड़ लिया है। कोतमा पुलिस ने अभियान चलाते हुए निगवानी एवं गोहंड्रा गांव में दो आरोपियों के कब्जे से 12 लीटर शराब कीमती 18 सो रुपए को जप्त करते हुए आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया। बताया जाता है कि बंसीधर गुप्ता निवासी निगवानी एवं गोपाल ढीमर निवासी गोहांड्रा गांव जो जरीकेन में शराब हाथ भट्टी महुआ वाली अवैध बिक्री के लिए रखे थे जिसे जप्त कर कार्रवाई की गई।

## हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में 103 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**उमरिया।** हायर सेकेण्डरी की भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र एनिमल हस्बैण्डरी मिल्क एंड पोल्ट्री फार्म एण्ड फिशरीज , विज्ञान के तत्व विषय की परीक्षा 41 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। परीक्षा में 5175 दर्ज परीक्षार्थियों में से 5072 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दीं वहीं 103 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए गठित निरीक्षण दलों का परीक्षा केन्द्रों का गठन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मंडल परीक्षा अभय सिंह के निर्देषानुसार परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों व्दारा प्रष्न पत्र थानें से निकालने एवं परीक्षा केन्द्रों तक ले जाने व परीक्षा केंद्र में मोबाइल एप के माध्यम से किए जाने वाले कार्य की मानीटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को भेजने के निर्देश दिए गए। सभी परीक्षा केन्द्रों मे परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पाई गई। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों में धारा 144 लगाने के फल स्वरूप बाह्य भीड़ एवं आसामजिक तत्वों की भीड़ नही दिखाई दी।

## 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत

### 12 खंड पीठों का किया गया गठन

**उमरिया।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को जिला न्यायालय उमरिया एवं सिविल न्यायालय बीरसिंहपुर पाली/मानपुर में नेषनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा कुल 12 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय उमरिया में 09 खण्डपीठ, सिविल न्यायालय बीरसिंहपुर पाली में 02 खण्डपीठ एवं सिविल न्यायालय मानपुर में 01 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय उमरिया में न्यायिक अधिकारीगण क्रमश अरूण प्रताप सिंह, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दीपक कुमार अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, वीणा खलखो, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, आशीष धुर्वे, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, मोहन डाबर, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड उमरिया, श्रीमती पल्लवी सिंह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, उमरिया, सरफराज खान, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, राहुल सोनी (वरिष्ठ) अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीष कनिष्ठ खण्ड, पूजा गोले, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बीरसिंहपुर पाली गोपाल नंदन पाल, व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड पाली एवं अपूर्व मेहरोत्रा, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मानपुर की खण्डपीठ गठित की गई है। रामसहारे राज, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी नेषनल लोक अदालत, ने बताया कि नेषनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरणों, चैक बाउंस के प्रकरणों, पारिवारिक एवं वैवाहिक प्रकरणों, मोटरयान क्षतिपूर्ति दावा प्रकरणों आदि का निराकरण किया जावेगा। बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के प्रिलिटिगेषन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण होने पर संपूर्ण कोट फीस की वापसी हो जाती है तथा विवाद हमेशा के लिये समाप्त हो जाता है। नेशनल लोक अदालत में नगरीय निकायों एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में शासन के द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार छूट प्राप्त होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया द्वारा जन सामान्य से नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने एवं विवाद रहित समाज की स्थापना में न्यायालय का सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

## नवीन संविदा कर्मचारी नीति का किया निर्धारण

**कटनी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की नवीन संविदा कर्मचारी नीति-2025 का निर्धारण किया गया है। यह निर्णय स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुचारू बनाने में भी सहायक होगा। एनएचएम की नवीन नीति में संविदा कर्मचारियों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान की गई हैं। अब कर्मचारियों को हर वर्ष अनुबंध के नवीनीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। कर्मचारियों के कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए एक पारदर्शी और समयबद्ध वार्षिक सेवा आधारित रिपोर्टिंग प्रणाली लागू की गई है। कर्मचारियों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए एक अपीलीय अनुक्रम स्थापित किया गया है। संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का अधिकार केवल मिशन संचालक एनएचएम के पास होगा और यह केवल प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करने के बाद ही किया जा सकेगा। नवीन नीति में वेतनवृद्धि को भी एक सुव्यवस्थित ढांचे में लाया गया है। अब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर नियमित वेतनवृद्धि का लाभ मिलेगा। गर्भवती महिलाओं को नियुक्ति के समय प्रसव के छह सप्ताह बाद (सातवें सप्ताह से) कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाएगी, जिससे वे मातृत्व के शुरुआती दिनों में समुचित देखभाल प्राप्त कर सकेंगी।

## खबर संक्षेप

### बाइक रैली निकालकर जन जन को किया जागरूक



बुढार। मंगलवार को महिला बाल विकास विभाग के द्वारा नगर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में जन जन को जागरूक करनें के उद्देश्य से बाइक रैली निकाली। जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी राम कुमारी पांडेय एवं पर्यवेक्षक प्रियंका ठाकुर द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी शहडोल मनोज लारोकर के नेतृत्व में नगर के प्रमुख मार्गों पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 22 जनवरी से 8 मार्च तक चल रहे कार्यक्रम के तहत 4 मार्च को बालिकाओं को स्वच्छता पॉस्को एक्ट महिला कानून महिला अधिकार और हेल्पलाइन नंबर के विषय में जानकारी दी गई स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ सेक्टर के श्रीमती शोभा नामदेव, प्रीति गुप्ता सहित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बचपन प्ले स्कूल को भविष्य तैयार अवार्ड सेरेमनी से दिल्ली में सम्मानित किया गया




बुढार। बचपन प्ले स्कूल को बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए दिल्ली स्थित क्राउन प्लाजा में अवॉर्ड सेरेमनी अयोजित कार्यक्रम के दौरान अवॉर्ड बैडमिंटन ओलंपिक मेडल विनर 'साइना नेहवाल के द्वारा संस्थापक स्जनेश जैन प्राचार्य सूधेश जैन किया गया सम्मानित किया गया।
नगर का ख्यातिलब्ध बचपन स्कूल को 'बेस्ट भविष्य तैयार स्कूल अवॉड्र्स एस के एजूकेशन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मान किया गया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन गंगाराम शुक्ला, रचना सराफ, एवं समस्त स्टाफ एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। विधालय प्राचार्य श्री जैन,समस्त अभिभावक, छात्रों एवं शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### कृषि विज्ञान मेले का किया जाएगा आयोजन

शहडोल। परियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन 7 मार्च से 8 मार्च 2025 तक प्रातः11 बजे से ग्राम मैकी विकासखंड सोहागपुर में किया जाएगा। उक्त मेला में प्राकृतिक खेती, उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत कृषि की नवीन तकनीकी के संबंध में विस्तार पूर्वक कृषकों को जानकारी दी जायेगी। कृषि पद्धति के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से कृषकों को प्रोत्साहित करने के दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन किया जाना है, जिसमें जिले के अधिक से अधिक कृषक उपस्थित होकर कृषि संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

### महाविद्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# सतर्कता से ही डिजिटल फ्राड से किया जा सकता है अपना बचावः एसडीओपी

**बुढार।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार मध्य प्रदेश में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 4 मार्च को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनपुरी क्षेत्र के एसडीओपी अभिनव मिश्रा एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय जन भागीदारी के अध्यक्ष निलेश जैन रहे। महाविद्यालय प्राचार्य गंगा मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस राष्ट्र की सुरक्षा है और हमको अपनी सुरक्षा के साथ-साथ देश की सुरक्षा क भी ध्यान रखना चाहिए। महाविद्यालय जन भागीदारी के अध्यक्ष निलेश जैन ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के महत्व को बढ़ावा देने एवं जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है यह सभी के लिए स्वास्थ्य कल्याण एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिनव मिश्रा ने कहा कि साइबर सुरक्षा आज की विकट समस्या है जिसमें सभी नागरिक फस रहे हैं अगर इसका सही ढंग से उपयोग किया जाए तो हम साइबर क्राइम से बच सकते हैं केवल सतर्क रहने और सावधानी से ही इसका बचाव हो सकता है। कार्यशाला के इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान एवं प्रेरणाप्रद वीडियो को प्रदर्शन किया गया एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नागमणि मानिकपुरी डॉ आई के बैक डॉ शिव मूरत प्रजापति डॉ मनोज कुजूर डॉ अनूप सेन डॉ ममता द्विवेदी कमलेश प्रजापति दीपक पटेल एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संयोजक महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉक्टर दिनेश वर्मा रहे एवं कार्यक्रम का आभार डॉ मनोज कुजूर ने प्रगट किया।



## उच्च शिक्षा मंत्री को महाविद्यालय बुढार जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने मांग पत्र देकर बी.एड. एवं एल.एल.बी. के कोर्स संचालन की मांग की

**बुढार।** प्रदेश के उच्च शिक्षामंत्री इन्दर सिंह परमार के अमरकंटक प्रवास के दौरान शासकीय महाविद्यालय बुढार जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश जैन नें भेंटकर महाविद्यालय की मूलभूत समस्याओं को अवगत कराते हुये मांगपत्र सौंपा और विकास कार्य की सौगात प्रदान कराये जानें की पुरजोर मांग की।प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय बुढार जो अग्रणी महाविद्यालय के रूप में जाना जाता है और आदिवासी सुदूर अंचल से अस्सी किलो मीटर क्षेत्र से छात्र महाविद्यालय में अध्ययन हेतु आते हैं, और शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढार में स्पोर्ट काम्पलेक्स की सौगात छात्रों को निर्माण कार्य पूर्ण न हो पानें के कारण अभी तक नहीं मिल सका है, जिसका निर्माण कार्य पूर्ण करवाया जाये तथा बुढार महाविद्यालय में बी.एड. एवं एल.एल.बी. के कोर्स के संचालन की सौगात म. प्र. शासन के मा. उच्च शिक्षामंत्री जी अर्जित कराये ऐसी आकांक्षा है। शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश जैन नें उच्च शिक्षामंत्री श्री इन्दर सिंह परमार का प्रवास के दौरान आत्मीय स्वागत करते हुये दिये गये मांग पत्र में कहाकि - प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत खेलेगा भारत बढ़ेगा भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश से स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स की बुढार महाविद्यालय में नितांत आवश्यकता है, और महाविद्यालय परिसर में कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य गत 12 वर्षों से धनाभाव के कारण अर्धनिर्मित स्थिति में है, अस्तु शासन स्तर से स्पोट्र्स कांपलेक्स हेतु मद उपलब्ध करवाया जाये जिससे अर्धनिर्मित स्पोर्ट काम्पलेक्स का कार्य पूर्ण हो सके और महाविद्यालयीन छात्रों को इसकी सौगात अर्जित हो सके, वहीं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत बी.एड



विषय का संचालन नवीन सत्र 2025-26 में स्ववित्तीय योजना अंतर्गत प्रारंभ करवाया जाये, जिसका लाभ आदिवासी बहुल्यक्षेत्र के छात्रों को अर्जित हो सके, इसके अलावा बुढ़ार महाविद्यालय में एल.एल.बी. का कोर्स जो पूर्व में संचालित था जो वर्तमान में बंद होंनें से इसका लाभ तहसील क्षेत्र बुढार अंतर्गत धनपुरी, अमलाई, चचाई जैसे मुख्य शैक्षणिक एवं केंद्र को अर्जित नहीं हो पा रहा हैं जबकी बुढार को एसडीएम कोर्ट की सौगात मिल चुकी है अस्तु बुढार महाविद्यालय में एल.एल.बी. का कोर्स प्रारंभ कराया जाये जिससे इसका लाभ कानूनी पढ़ाई करने वाले छात्रों को अर्जित हो सकेगी। यह महाविद्यालयीन छात्रों के हितों की मांग है और बुढार महाविद्यालय माननीय उच्च शिक्षामंत्री जी से सहानुभूति पूर्वक विचार कर मांगों की पूर्ति की आकांक्षा व्यक्त करती है।

## कमिश्नर ने सुनी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं

### समस्याएं एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**शहडोल।** कमिश्नर को शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील के ग्राम पांड़ के रामलाल पटेल ने आवेदन करते हुए बताया कि उसकी पत्नी को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा था। किन्तु कुछ माह योजना का लाभ मिलने के बाद अब लाडली बहना योजना की राशि खाते में नहीं आ रही है। रामलाल पटेल ने कमिश्नर से उसकी पत्नी को पुनः लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने की बात कही। रामलाल पटेल की शिकायत पर कमिश्नर ने सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास से शिकायत का परीक्षण करने के निर्देश दिए तथा हितग्राही को किन कारणों से लाडली बहना योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है, इस संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए।
जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर को आवेदन देते हुए सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. नीलमणि दुबे ने बताया कि वह शंभूनाथ महाविद्यालय में प्राध्यापक के रूप मे कार्यरत थी। वह 30 जून 2024 को सेवानिवत्त हो चुकी हैं। सेवानिवत्ति के पश्चात उसे अर्जित अवकास के नगदीकरण की राशि, फैमिली बेनीफिट फंड में जमा राशि, जीआईएस में जमा राशि, वेतन वृद्धि स्वीकृति उपरांत पेशन का पुनर्निधारण, वेतन निर्धारण के उपरांत पेंशन पुनरीक्षण कर राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होनें कमिश्नर से अनुरोध करते हुए कहा कि उन्हें उनके सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले स्वत्वों का भुगतान किया जाए। जिस पर कमिश्नर ने सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. नीलमणि दुबे को समझाईस दी की, उनके सभी सेवा निवृत्ति के स्वत्वों का भुगतान करा दिया जाएगा। कमिश्नर ने प्राचार्य शंभूनाथ शासकीय महाविद्यालय को निर्देश दिए हैं कि वह सेवानिवृत्त प्राचार्य के स्वत्वों के भुगतान पर की जा रही कार्यवाही की प्रगति से उन्हे तत्काल अवगत कराएं।
जनसुनवाई में शहडोल जिले के सोहागपुर तहसील के ग्राम कोटमा निवासी सुखराम कुशवाहा ने कमिश्नर को आवेदन देते हुए बताया कि उनकी पट्टे की भूमि का कुछ हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच 43 में अधिग्रहीत कर लिया गया है। परन्तु अभी तक अधिग्रहीत की गई भूमि की कोई मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। उनका कहना था कि उनको उनकी अधिग्रहीत की गई भूमि के मुआवजे का भुगतान कराया जाए। जिस पर कमिश्नर से संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शिकायत की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कमिश्नर शहडोल संभाग ने जनसुनवाई कार्यक्रम में अन्य आवेदनों पर भी सुनवाई की।




## रिलायंस बेल का काम करना है तो, देना होगा पैसा

### आधा दर्जन लोगों ने युवक के साथ मारपीट कर की लूट

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना में मनोज कुमार जोगी पिता मंगल प्रसाद जोगी निवासी ग्राम पंचायत छांटा उर्फ नवाटोला पोस्ट बिरूहुली ने शिकायत दर्ज कराई कि वह रिलायंस के बेल साइड नंबर 17-20 मौहार टोला में निर्माण करने प्रतिदिन जाता है और आज भी गया था, तभी लगभग 03-3:30 बजे के आस-पास लगभग आधा दर्जन लोग 3 मोटर सायकल से आए और आते ही गाली देते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगे, जिससे हल्ला-गोहार किया, तब कही जाकर मेरी जान बच पाई, नही तो ये लोग आज मुझे जान से मार देते। जिसमें क्रमशः कमलेश सिंह पिता रामसिंह, कमलेश सिंह पिता जयदयाल सिंह, भोले साहू पिता जगदीश साहू, राकेश चौधरी पिता रामाधार चौधरी, सागर चौधरी पिता रामनिवास चौधरी, हीरा सिंह पिता पूरन सिंह रहे, सभी जाते-जाते मुझे धमकी देते गए हैं कि आज तो बच गए हो, अगली बार आओगे तो गाड़ी चढ़ाकर जान से मार देंगे, नही तो हमे प्रति बेल साइड में 50 हजार से 1 लाख रूपये देते रहो और चुपचाप काम करते रहो, इस लड़ाई झगड़ा में उक्त लोगों ने मेरा पर्स भी छीन ले गए है, जिसमें 10000 रूपये नगद, आधार कार्ड, पेन कार्ड, लायसेंस, एटीएम कार्ड था। घटना के बाद से फरियाद व फरियादी का परिवार भयभीत है।



## तानाशाह हुए प्राचार्यः बिना आदेश अतिथि शिक्षकों को किया जा रहा बाहर

**शहडोल।** अतिथि शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं संभागध्यक्ष शरद प्रकाश तिवारी ने बताया कि 6 माह से अतिथि शिक्षकों का मानदेय नहीं दिया गया, जिससे उनके जीवन पर आर्थिक संकट व्याप्त हैं। बजट का रोना रोया जाता हैं और जब बजट होता हैं, उस समय बाबुओं कि उदासीनता के कारण बिल नहीं लग पाते, अगर बिल समय पर लग जाते तो यह समस्या उत्पन्न नहीं होती। इस समस्या से अभी उबर पाते कि अतिथि शिक्षको को बिना आदेश तानाशाह प्रचार्यों द्वारा खाश तौर से सोहागपुर और बुढ़ार ब्लॉक में सेवा समाप्त की जा रही हैं, विद्यालय आने से मना किया जा रहा हैं, प्रश्न उठता हैं कि क्या नियम आदेश से ये संस्था प्रधान ऊपर हैं, जो मनमानी करने से बाज नहीं आते, जबकि लोक शिक्षण संचनालय का आदेश हैं कि अतिथि शिक्षकों कि सेवा 30 अप्रैल तक रहेगी। अगर ऐसा ही रहा तो संघ जिलास्तर पर उग्र आंदोलन घेराव करने पर विवश होगा।



## नशा मुक्ति अभियान में समाज के प्रत्येक वर्ग की जिम्मेदारी अहमः सिल्लू

**शहडोल।** पं. शम्भूनाथ शुक्ल शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को नशामुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पार्षद सिल्लू रजक के प्रभावशाली नेतृत्व और नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट के छात्र-छात्राओं, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. पुनीत श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने नशे की लत से होने वाली बीमारियों, सामाजिक तिरस्कार और पारिवारिक बिखराव के बारे में जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को नशे के प्रलोभन से बचने और एक स्वस्थ व सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी गहरे घाव देता है।
नशामुक्त जीवन ही स्वस्थ और खुशहाल समाज की नींव रख सकता है। पार्षद सिल्लू रजक ने अपने प्रभावशाली संबोधन में नशे के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा नशे की लत के कारण कई परिवार तबाह हो चुके हैं। युवा अपने जीवन के उद्देश्यों से भटक कर अंधकारमय भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि उसे सामाजिक और आर्थिक रूप से भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि नशामुक्ति केवल सरकार या कुछ व्यक्तियों का कार्य नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है। पार्षद रजक ने विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहने और अपने लक्ष्यों की ओर दृढ़ संकल्प के साथ बढने का आह्वान किया। पार्षद सिल्लू रजक के कुशल नेतृत्व में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें युवाओं, छात्र-छात्राओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, स्वस्थ समाज, स्वस्थ जीवन, नशा मुक्त भारत और युवाओं का उज्वल भविष्य जैसे नारों से पूरे शहर को जागरूक किया। सभी के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर नशे के दुष्प्रभाव और नशामुक्ति के संदेश लिखे हुए थे। रैली का समापन जिला चिकित्सालय-शहडोल में हुआ, जहां पार्षद सिल्लू रजक ने पुनः नशामुक्ति के संदेश को दोहराते हुए कहा हमारा शहडोल तभी नशामुक्त और स्वस्थ बन सकेगा जब समाज का हर व्यक्ति इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाए।

## कोयला खनन करता रहूंगा, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता



**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खेतौली के ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत सौंपते हुए बताया कि गांव में एक महिला की मृत्यु हो गई थी, जिसका शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे, तभी अचानक कोयला से भरा ट्रैक्टर तेजी से लेकर आये और गांव के नान भईया सिंह एवं प्रसादी सिंह के ट्रैक्टर सटा देने से बाये पैर के घुटने एवं पैर के अंगूठे में चोट आई, उसी रात 7:30 बजे ललन द्विवेदी ग्राम जरवाही गांव आकर गाली-गलौज करते हुए बोला कि एक-एक व्यक्ति को ट्रैक्टर चढ़ाकर मार दूंगा, पुलिस-खनिज मेरे जेब में है, मैं इसी तरह कोयले का उत्खनन करता रहूंगा। इसके बाद सभी ग्रामीण इक_ा होकर वन विभाग की डीएफओ एवं डिप्टी रेंजर से शिकायत की, जिसके बाद ट्रैक्टर पकडक़र जब्ती पंचनामा बनाकर कार्यवाही कर वन कर्मचारियों द्वारा ट्रैक्टर नरसरहा डिपो अपने साथ लेकर चले गये, जिससे उक्त ललन द्विवेदी, बृजेश सिंह उर्फ बेटन सिंह निवासी बडखेरा एवं शोभ नाथ गोड ग्राम नदना तीनो पूरे गांव से नाराज हैं, इनके द्वारा किसी भी दिन ग्रामीणों के साथ बड़ी घटना कारित की जा सकती है। उक्त मामले में जांच कर न्याय दिलाया जाये।

## रैली निकालकर डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा का दिया संदेश

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुआं में संचालित हो रहा है। साथ ही शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती सत्यवती सिंह, पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, सतीश विश्वकर्मा, कैश अंसारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, शंकर सिंह, स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। शिविर के पंचम दिवस प्रातः काल सर्वप्रथम जागरण, परेड, व्यायाम, योग एवं स्वल्पाहार करने के पश्चात परियोजना कार्य में डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता थीम पर रैली एवं नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया गया । बौद्धिक परिचर्चा में आवाज संस्था के बड़वारा के प्रभारी मनोज बारस्कर एवं कल्पना द्विवेदी तथा महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों को बाल विवाह, बाल संरक्षण एवं पास्को एक्ट से संबंधित जानकारी स्वयंसेवकों तथा ग्रामवासियों को दी गई। प्रतिदिवस की भांति सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतिया दी गई। जिसमें स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार पिकअप खड़े ट्रक में पीछे से टकराया

**शहडोल। जिले में तेज रफ्तार पिकअप सडक़ पर खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में पिकअप में सवार चालक और परिचालक बुरी तरह से घायल हो गए। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को पिकअप से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, चालक की हालत नाजुक बनी हुई है।**

जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार पिकअप छत्तीसगढ़ के रायपुर से रीवा जा रही थी, जिसमें खीरा लोड था। तभी ब्यौहारी के बसही गांव में सडक़ पर खड़े एक ट्रक के पीछे पिकअप घुस गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह घटी है। ट्रक खराब था और बीच सडक़ पर ही खड़ा था, लेकिन चालक ने लापरवाही बरती और खराब ट्रक के आगे-पीछे कोई भी सांकेतिक निशान नहीं लगाए, जिसकी वजह से हादसा हो गया। हादसे में पिकअप चालक और परिचालक बुरी तरह से वाहन में फंस गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। जिसके बाद घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जिसमें चालक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### इनका कहना है...

पिकअप सवार दो लोग घायल हुए हैं, जिसमें चालक गंभीर है। दोनों का उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। सडक़ पर खड़े ट्रक के बारे में पता लगाया जा रहा है, वाहन किसका है और चालक कौन था, मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अरुण पाण्डेय**
**थाना प्रभारी, शहडोल**

## खबर संक्षेप

### दुर्लभ प्रजाति के उल्लू का राजेंद्रग्राम में किया गया रेस्क्यू



**अनूपपुर।** जिले के राजेंद्रग्राम में सोमवार की रात वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानचंद जायसवाल के घर में अत्यंत दुलर्भ प्रजाति का एक उल्लू भटकते हुए जायसवाल के घर के अंदर आ जाने की सूचना पर परिक्षेत्र अधिकारी राजेन्दगाम शिवम कोष्ठी एवं वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल के निर्देशन में बसनिहा बीट के वनरक्षक हंसराज सिंह एवं सुरक्षा श्रमिक अशोक यादव द्वारा देर रात सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर स्वतंत्र विचरण हेतु विलुप्त प्रजाति के उल्लू को जंगल में छोड़ा गया यह उल्लू दिन में शांत स्थिति में आराम करते हुए रात्रि समय होने पर आहार के लिए शिकार की तलाश में विचरण करता है।

### उपकेन्द्र अनूपपुर से निकलने वाले समस्त फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरुद्ध

**अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि. अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता ने बताया है कि उप संभाग अनूपपुर अंतर्गत 220 के.व्ही. उपकेन्द्र अनूपपुर में 33 के.व्ही. फीडर के मेन बस साइड आइसोलेटर वाय फेज के नट वोल्ट में हॉट प्वाइंट के मेन्टेनेन्स का कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु 220 के.व्ही. उपकेन्द्र अनूपपुर से निकलने वाले समस्त 33 के.व्ही. फीडर की विद्युत आपूर्ति बुधवार 05 मार्च को प्रातः 8:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### निरीक्षक आरके धारिया व कलीराम परते को स्थानांतरण पर दी गई भावभीनी विदाई



**अनूपपुर।** निरीक्षक आर.के.धारिया का स्थानांतरण हरदा एवं निरीक्षक कलीराम परते का स्थानांतरण बालाघाट होने पर आप दोनों अधिकारियों को स्थानांतरण इकाई के लिए कार्यमुक्त करते हुए आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई, कार्यक्रम में सभी ने मंच को संबोधित कर दोनों अधिकारियों के साथ कार्य के दौरान उल्लेखनीय स्मृतियों को साझा किया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर ने दोनों की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी।

### रेलवे कर्मचारियो के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी से मुलाकात

**अनूपपुर।** रेलवे कर्मचारियो के विभिन्न मुद्दों के निराकरण पर चर्चा करने हेतु प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्रीमती दर्शनलिता अहलूवालिया से विगत दिनों मजदूर कांग्रेस के केन्द्रीय पदाधिकारी जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, संयुक्त महामंत्री बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री एवं जोनल मुख्यालय सचिव राजेश सोनकर ने मुलाकात की मजदूर कांग्रेस ने बिलासपुर रेल जोन के तीनों मंडलों में रायपुर, नागपुर, बिलासपुर कार्मिक विभाग द्वारा समस्याओं के निराकरण व वेलफेयर कार्यों में उल्लेखनीय उपलब्धि पर कार्मिक विभाग को बधाई दी। बैठक में मजदूर कांग्रेस के नेताओं ने प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बिलासपुर से मांग की 19 व 20 फरवरी को हुए जोनल पी एन एम बैठक में रेल कर्मचारियों के हित में लिए गए निर्णय के आदेश जारी कर रेल कर्मचारियों को लाभ दिया, मजदूर ने मांग की बिलासपुर मंडल में महिला मजदूर कांग्रेस शाखा खोलने हेतु रेल प्रशासन स्वीकृति प्रदान करें, 08 मार्च विश्व महिला दिवस पर रायपुर, नागपुर, बिलासपुर रेल मंडल में व्यापक समारोह मनाने हेतु कार्मिक विभाग से निर्देश जारी कर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को शामिल किया जाएगा।

### जल जंगल जमीन को लेकर सड़क पर उतरेंगे ग्रामीण

# जिला प्रशासन के कायदों को 'रौंद' रहा जय बजरंग स्टोन क्रेशर

**मीडियाकर्मियों के साथ अभद्रता पर तीन पर हुआ मामला दर्ज**



**राजेन्द्रग्राम।** 1 सप्ताह पूर्व ग्राम पटना में संचालित जय बजरंग स्टोन क्रेशर के संचालक सुनील कुशवाहा उर्फ पप्पू के द्वारा किरर घाट की सरहद पर कंट्रोल ब्लास्टिंग की परमीशन लेकर अवैध तरीके से बगैर प्रशानिक अनुमति के बारूदी धमाके के साथ हैवी ब्लास्टिंग कर पूरे पटना गांव को हिला कर रख दिया, जिससे जहां एक ओर ग्रामीण दहशत में है और प्रशासन से कार्यवाही की गुहार लगा रहे है वही प्रशासन 01 सप्ताह बीत जाने के बाद भी क्रेशर संचालक जो बगैर अनुमति के विशेषज्ञ की अनुपस्थिति में बगैर प्रोटोकाल के असुरक्षित तरीके से बगैर प्रशासन की सूचना के बारूदी धमाके करना सब कुछ देख कर भी क्रेशर मालिक एवं ब्लास्टर के विरुद्ध कुछ भी कार्यवाही ना हो पाना अपने आप मे प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है।

### मीडिया कर्मियों के साथ अभद्रता पर तीन पर हुआ मामला दर्ज

अवैध रूप से हुये ब्लास्टिंग की सूचना पर समाचार कव्हरेज करने गये स्थानीय मीडिया कर्मियों को क्रेशर मालिक के पुत्र एवं क्रेशर स्टाफ के द्वारा तहसीलदार पटवारी की मौजूदगी में गाली गलौज कर मोबाइल छीना झपटी कर जान से मारने की धमकी दी गई जिसकी लिखित शिकायत के बाद राजेन्द्रग्राम पुलिस थाने में मुकेश कुशवाहा सहित दो अन्य के खिलाफ धारा 296, 351 (3) 3 (5) बीएनएस कायम कर विवेचना की जा रही है। जिसका नाम होता है वही बदनाम होता है की तर्ज पर मैकलांचल का सीना छलनी करने में आमादा जय बजरंग स्टोन क्रेशर के संचालक सुनील कुशवाहा जो आये दिन अवैध हैवी ब्लास्टिंग से लेकर अबैध उत्खनन परिवहन को धड़ल्ले से अंजाम देकर प्रशासन को खुला चैलेंज दे रहा है और प्रशासन अवैध कारोबार पर नकेल नहीं लगा पा रही है उससे सिद्ध होता है कि उक्त खनन माफिया के पीछे कोई बड़े सफेद पोश नेता का हाथ है जिसके संरक्षण में खुलेआम कानून कायदों को दरकिनार कर उक्त अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है।

### जल जंगल जमीन को लेकर सड़क पर उतरेंगे ग्रामीण

उक्त अवैध ब्लास्टिंग और बायोस्फेयर जोन पर अबैध रूप से संचालित क्रेशर के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कराकर यदि प्रशासन कठोर कार्यवाही नही करता तो शीघ्र ही ग्रामीण जनो के साथ एक आदिवासियों का एक बड़ा समूह जल जंगल जमीन की संरक्षण को लेकर सड़को पर उतारने के लिये विवश होगा। ज्ञात हो कि नियम विरुद्ध संचालित जय बजरंग स्टोन क्रेशर के संचालन से प्रचुर मात्रा में उड़ रहे धूल डस्ट से क्रेशर से लगी आसपास ग्रामीण किसानों की सैकड़ो एकड़ कृषि भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म होकर बंजर होते जा रही है जिससे प्रभावित किसानों ने कई बार इसकी शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई परन्तु संबंधित माइनिंग और प्रदूषण बिभाग जान कर भी अनजान बना हुआ है नतीजतन आज भी ग्रामीण किसानों को न्याय नही मिल पा रहा है।


हरिभूमि
मैकलांचल का सीना छलनी करने पर आमादा बजरंग स्टोन क्रेशर

### जंगल छोड़ गांव की ओर भाग रहे जंगली जानवर

मैकलांचल में आये दिन हो रहे हैवी ब्लास्टिंग बारूदी धमाकों की गूंज की दहशत जंगली वन्य प्राणी जंगल छोड़ गांव की ओर पलायन करने को मजबूर है दिनों दिन वन्य जीवों की कई प्रजातियां विलुप्त होते जा रही है उनके सामने संकट के बादल मंडरा रहे है और कई तो इसकी चपेट में आकर दम तोड़ दे रहे है गांव के कुएं बोर धसक रहे है जिससे ग्रामीणों को जल संकट जैसी विक्राल समस्या से जूझना पड़ रहा है हैवी ब्लास्टिंग से पर्यावरण को नुकसान पहुँच ही रहा है साथ ही पहाड़ो की घनी वादियों उनकी सुंदरता को भी जमीदोज करने भू माफिया बाज नहीं आ रहे है।

### फिर भी बैरंग लौटे तहसीलदार

कलेक्टर से सीधे परमीशन की दुहाई देकर खुलेआम अवैध रूप से हैवी ब्लास्टिंग करने की शिकायत पर एसडीएम के निर्देशन में मौके की जांच करने पहुँची राजस्व की टीम को उल्टे पांव वापिस लौटना पड़ा मौके में ब्लास्टिंग होना तो पाया गया परन्तु मौके में उपस्थित क्रेशर मालिक द्वारा ब्लास्टिंग से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज दिखाना उचित नही समझे और अंततः राजस्व अमले को पंचनामे के साथ बैरंग लौटना पड़ा। हालांकि अब शिकायत के बाद अवैध ब्लास्टिंग प्रतिबंधित कर दिया गया है, वही कव्हरेज के दौरान पत्रकारों से क्रेशर खदान में प्रवेश करने की अनुमति मांगना तहसीलदार के समक्ष बदसलूकी करना रौब दिखाकर गुंडा गर्दी करना इनके फितरत में शामिल है।

फालोअप

### इनका कहना है

डेटोनेटर परिवहन की कोई जानकारी हमारे कार्यालय को नहीं दी गई है यदि नियम में सूचना देने का प्रावधान है तो विस्फोटक उपयोगकर्ता द्वारा गलत किया गया है।

**नवीन तिवारी, एसडीओपी**
**अनुभाग पुष्पराजगढ़**

स्टोन क्रेशर संचालक द्वारा बाद में कुछ दस्तावेज दिये गये है जिनके आधार पर जांच कर मैं अपनी रिपोर्ट एसडीएम साहब को भेजूंगा

**गौरीशंकर शर्मा**
**तहसीलदार, पुष्पराजगढ़**

# बाउंड्री वॉल गिराने को लेकर चलाई गई जेसीबी मामले की हुई शिकायत

**अनूपपुर।** जिले के पुलिस चौकी फुनगा अन्तर्गत ग्राम फुनगा में रविवार को बाउंड्री वाल के किनारे सटा कर खुदाई किए जाने एवं मना करने पर गाली-गलौज किए जाने की लिखित शिकायत पुलिस चौकी फुनगा में करते हुए नारायण गुप्ता ने बताया कि वह घर पर नहीं थे तो गांव के व्यक्ति द्वारा उनके बाउंड्री वाल के समीप जेसीबी चला कर उसकी बाउंड्री वालों को तोड़ने का प्रयास किया गया बताया गया कि उनका उक्त व्यक्ति के साथ पूर्व से प्रकरण माननीय न्यायालय में लंबित है किंतु उसके बावजूद भी बिना किसी न्यायालय आदेश के उनकी भूमि आराजी खसरा नंबर 433 में जबरन जेसीबी ट्रैक्टर के माध्यम से खुदाई कर दी गई जिससे कभी भी उनका बाउंड्री वॉल धराशाई हो सकता है जिसकी लिखित शिकायत करते हुए नारायण गुप्ता द्वारा पुलिस से उक्त मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।



### लगभग पचास घर प्रताड़ित

फुनगा के रहने वाले फूलचंद गुप्ता ने बताया यहां के रहने वाले तथा कथित कुछ लोगों के द्वारा आए दिन हम लोगों के साथ गाली गलौज कोर्ट कचहरी घर गिरने की धमकी दिया जा रहा है जिससे हम काफी मानसिक तनाव में जीने को मजबूर है जबकि जमीन का जो भी मामला है कोर्ट में विचाराधीन है परंतु फिर भी इन लोगों के द्वारा लगातार हमें धमकी देते है और ट्रैक्टर व जेसीबी लेकर हमारे घर के पीछे या इनका जहां मन पड़ता है वहां पर खुदाई शुरू कर देते हैं। अब हमें ऐसा प्रतीत होता है कि लगता है इन लोगों को किसी का डर नहीं है। ऐसे आसामाजिक लोगों के कारण पूरा परिवार हमारा भय से जीने को मजबूर है। फुनगा निवासी सरस्वती केवट ने कहा कि उक्त जमीन हमारे पट्टे मे है। घर वाले लोग उसमें कूड़ा कचरा डालते थे जिसको हमने जेसीबी के माध्यम से सफाई करवाया है।

### इनका कहना है

मामले की शिकायत प्राप्त हुई है जांच की जा रही है।

**सोने सिंह परस्ते**
**चौकी प्रभारी, फुनगा**

# लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल में इस्कान विशेषज्ञों का प्रेरणादायक

**अनूपपुर।** लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल में सुंदर प्रभुजी (सुंदर दामोदर दास) और गोपाल प्रभुजी, जो इस्कान के जाने-माने काउंसलर और लाइफस्टाइल कोच हैं, जिन्होने विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया। इस सत्र में उन्होंने अच्छी आदतों, सही संगति, पुस्तक पढ़ने, मंत्र जप और संतुलित आहार की महत्ता को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। सत्र में न केवल छात्रों ने बल्कि शिक्षकों ने भी भाग लिया और जीवन में अनुशासन व सकारात्मक आदतों के महत्व को गहराई से समझा। दोनों वक्ताओं ने विद्यार्थियों को यह प्रेरणा दी कि छोटी-छोटी अच्छी आदतें किस तरह बड़े बदलाव ला सकती हैं और जीवन को अधिक सफल व सुखद बना सकती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका शुक्ला ने सुंदर प्रभुजी और गोपाल प्रभुजी का धन्यवाद किया और कहा कि यह सत्र विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होगा। उन्होंने शिक्षकों को भी बधाई दी कि वे छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।



### नाबालिग बच्ची के अपहरण व बलात्कार के फरार आरोपी 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार



**जैतहरी।** 1 मार्च को पीडिता नाबालिग लडकी अपने माता-पिता के साथ उपस्थित थाना आकर हस्तलिखित आवेदन पत्र संतोष पनिका पिता बिस्सू पनिका निवासी वेकंटनगर के द्वारा जबरजस्ती धमकी देकर गलत काम (बलात्कार ) करने के संबध मे आवेदन पत्र प्रस्तुत की आवेदन पत्र के आधार पर अपराध धारा 137(2), 87, 65(2), 64(2)(**m**), 351(3) बीएनएस, 5, 6 पाक्सो एक्ट का आरोपी संतोष पनिका पिता बिस्सू पनिका निवासी वेकंटनगर के विरुद्ध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना वेंकटनगर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान, अति.पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के निर्देशन मे थाना प्रभारी जैतहरी उनि विपुल शुक्ला के मार्गदर्शन मे तत्परता दिखाते हुये टीम गठित कर आरोपी की पता तलाश हेतु डिंडौरी जिला डिंडौरी तरफ रवाना किया गया जो टीम के व्दारा बी पार्टी के मोबाईल के टावर लोकेशन के आधार पर आरोपी संतोष कुमार पनिका पिता बिस्सू पनिका की तलाश पता साजी डिंडोरी बस स्टेड सुबखार, ईमली कुटी, नर्मदा गंज होटल धर्मशाला, जिला अस्पताल शाहपुर मे किया। बाद सूचना प्राप्त होने पर अमकंटक बाराती ग्राम जाकर तलाश किया जहां आरोपी संतोष कुमार पनिका को अपराध कायमी के 24 घण्टे के अंदर दस्तयाब कर गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया बाद जिला जेल अनूपपुर मे दाखिल किया गया।

# समय पर करें तेंदूपत्ता शाख कर्तन का कार्य-डीएफओ



**अनूपपुर।** इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण करने के पूर्व तेंदूपत्ता के पेड़ों में शाख कर्तन का कार्य किए जाने के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुराना वन मंडल परिसर अनूपपुर में आयोजित किया गया जिसमें वन मंडल अनूपपुर एवं जिला यूनियन के सभी एसडीओ,वन परिक्षेत्र अधिकारी, नोडल अधिकारी परिक्षेत्र सहायक, प्रबंधक, फडमुसीं, वनरक्षक सम्मिलित रहे। इस दौरान वन मंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक जिला यूनियन अनूपपुर विपिन कुमार पटेल ने कहा कि तेंदूपत्ता शाख कर्तन का कार्य शासन के दिशा निर्देश अनुसार समय पर किया जावे तथा उच्च गुणवत्ता वाले तेंदूपत्ता का संग्रहण समय पर करते हुए संग्रहण के लक्ष्य की पूर्ति करें तथा फडों में संग्रहित किए जाने वाले तेदूपत्ता को समय पर भंडारण किया जाना चाहिए उन्होंने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की सीमा के क्षेत्रों में तेंदूपत्ता के संग्रहण को चोरी छुपे तौर पर छत्तीसगढ़ राज्य में ले जाकर तथा अनूपपुर वन मंडल क्षेत्र में लाकर विक्रय करने की शिकायतें प्राप्त होती है जिस पर सतर्कता बरतते हुए निरंतर निगरानी रखी जाए। इस दौरान जिला यूनियन अध्यक्ष राकेश सिंह ने शाख कर्तन के कार्यों को करने वाले व्यक्तियों का समय पर भुगतान किए जाने की अपेक्षा की। इस वर्ष 4000 रुपये प्रति मानक बोरा के मूल्य से तेंदूपत्ता का संग्रहण तेंदूपता संग्रहको के द्वारा किया जावेगा। ज्ञातव्य है कि अनूपपुर जिला यूनियन में आठ समितियो के साथ 160 तेंदूपत्ता की फड़ संचालित होगे जिसके साथ 12 तेंदूपत्ता फड़ पेसा एक्ट के तहत संचालित है विगत वर्ष 2023-24 में 16972 मानक बोरा के खरीदी के लक्ष्य के विरुद्ध 18951.535 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाकर 111.66 प्रतिशत तेंदूपत्ता संग्रहित किया गया रहा है इस वर्ष 16764 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके समय पर लक्ष्य की पूर्ति किए जाने की बात कही गई।

### मुबारक माह रमजान की शुरुआत



**अनूपपुर।** इस्लाम धर्म को मानने वालों के लिए रमजान का महीना खास महत्व रखता है, जिसमें मुख्य रूप से रोजा रखना और अल्लाह की इबादत करना महत्वपूर्ण माना जाता है । रमजान को इबादत, रहमत और बरकतों वाला पवित्र महीना माना गया है । इस साल माह-ए-रमजान की शुरुआत रविवार, 2 मार्च से हो चुकी है। जिला मुख्यालय सहित कोतमा, बिजुरी, राजनगर, रामनगर, भालूमाड़ा, जमुना कालरी, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर, चचाई, राजेन्द्रग्राम, बरगवां, बदरा, अमलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा रोजा रखा जा रहा है। रमजान में रोजा रखना हर मुसलमान के लिए फर्ज है क्योंकि रोजा इस्लाम के पांच मूलभूत स्तंभों में एक है। शाबान महीने के अंतिम दिन चांद का दीदार होने के बाद से ही रमजान महीने की शुरुआत हो जाती है जो इस्लामिक चंद्र कैलेंडर का नौवां महीना होता है। इस पूरे महीने रोजेदार रोजा रखते हैं। 29-30 दिनों का रोजा पूर्ण होने के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है। रमजान में पूरे महीने नियमित रूप से रोजा रखा जाता है और इस दौरान पांच वक्त की नमाज भी अदा की जाती है। इसे फजिर, दुहर, असर, मगरिब और इशा की नमाज कहते हैं। रोजे की शुरुआत सुबह सूरज निकलने के कुछ समय पहले ही हो जाती है । इस समय रोजेदार हल्का भोजन करते हैं जिसे 'सहरी' कहते हैं । सहरी करने के साथ ही व्रत का संकल्प लिया जाता है । सहरी के बाद पूरे दिन खाना-पीना वर्जित होता है। इसके बाद शाम में इफ्तार की जाती है। रोजा में अन्न-जल के साथ ही मन में आ रहे बुरे विचारों का भी त्याग करना और गुनाहों से तौबा करना होता है । कोतमा नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा अलग-अलग स्थान पर इकट्ठे होकर शाम के वक्त रोजा इफ्तार करते हैं।

# राज्य स्तरीय शिविर के तृतीय दिवस स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

### अमरकंटक के पुष्पराज घाट पर आमजन को किया जागरूक

**अमरकंटक।** राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. मनोज अग्निहोत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर अमरकंटक के तृतीय दिवस पर प्रदेश के कोने कोने से सहभागिता करने आए स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य के रूप में मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित रामघाट, पुष्पराज घाट एवं शिविर स्थल नगरपालिका परिसर को स्वच्छ कर श्रमदान किया। स्वयंसेवकों ने प्रकृति के दुश्मन तीन, पाउच पानी और पालीथीन के नारों से घाट पर स्नान करने आए नागरिकों एवं भक्तजनों को जागरूक कर घाटों को प्लास्टिक एवं अन्य कचरे से मुक्त किया। तृतीय दिवस के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश निजी विनियामक आयोग के सदस्य डॉ. विश्वास चौहान ने ₹भारतीय संविधान में जीवन मूल्य₹ विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि भारत शब्द का अर्थ है जो ज्ञान में रत हैं, उसे भारत कहते हैं और ज्ञान रूपी प्रकाश में निरंतर निमग्न जन भारतीय कहलाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय संविधान में निहित समता, बंधुता आदि शब्द हमारे भारत की लोकतांत्रिक मूल्यों में समाहित है। उन्होंने ह्वेनसांग व मेगस्थनीज के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा कि इस जन्म में ऐसा अच्छा कार्य करो कि अगला जन्म भारत में हो। उन्होंने अधिकारों के स्थान पर नागरिकों के कर्त्तव्यों की चर्चा की और कहा कि जब सभी नागरिक अपने कर्त्तव्यों का पालन करेंगे तो हमें अधिकारों के मांग करने की आवश्यकता ही नहीं होगी। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. मनोज अग्निहोत्री ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम समन्वयक जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर श्री हरिशंकर कंसाना ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ उनको राष्ट्र व समाज कार्यों की ओर प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वयंसेवक प्राची झरिया रहें एवं कार्यक्रम अध्यक्षता स्वयंसेवक राज जादौन ने की। बौद्धिक सत्र का संचालन स्वयंसेवक समीर खान ने किया एवं आभार कार्यकम अधिकारी डॉ. बकील सिंह कौशल ने माना। प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया एवं तत्पश्चात डॉ. मनजीत सिंह सलूजा द्वारा मन, आत्मा एवं शरीर के स्वास्थ्य हेतु स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराया गया। इससे एक दिन पूर्व रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर एवं जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के स्वयंसेवकों द्वारा लोकनृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, कविता आदि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।


**Presiding Officer: श्री विक्रम सिंह**
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु) (MACC/00000043/2023)
**पारो विश्वकर्मा वगै. ......वादी Vs**
**चंदन प्रजापति बगै. ..............प्रतिवादी**
प्रेषिती– Process Id- /2025
पेशी दिनांक :- 12/04/2025
(1) पता - जिला अनूपपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी पारो विश्वकर्मा वगै. ने आपके विरूद्ध मोटर व्हीकल के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 01 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
कृपया ध्यान दें :- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
मुद्रा
विक्रम सिंह (न्यायाधीश)
प्रथम जिला न्यायाधीश कोतमा के न्यायालय के अति न्यायाधीश कोतमा जिला-अनुपपुर (म.प्र.)



**जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता क्र 1 सुधा रानी पति शैलेन्द्र कुमार, जाति कुर्मी के स्वत्व स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 125/4 रकबा 2.023, 131/4क / 1क / 2-3.912, 126/3/2 2.835, 126/3/3 2.83, 126/3/4 - 4. 455 कुल किता 05 कुल रकबा 16.060 ग्राम ताराडांड़ तहसील व जिला अनूपपुर, विक्रेता क्र 2 अतुल कुमार पिता शैलेन्द्र कुमार, जाति कुर्मी के स्वत्व स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 396/4 रकबा 2.0230 कुल किता 1 कुल रकबा 2.0230 स्थित ग्राम जमुडी तहसील व जिला अनुपपूर, विक्रेता क्र 3 लिपिका सिन्हा पति अजीत कुमार, जाति कुर्मी के स्वत्व स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 396/2-0.405, 464/1-2.023, 466/1/ख 0.809 कुल किता 03 कुल रकबा 3.238 की भूमि ग्राम जमुडी तहसील व जिला अनूपपुर, विक्रेता क्र 4 अजीत कुमार पिता शैलेन्द्र कुमार, जाति कुर्मी के स्वत्व स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्र 466/1—1.619, 466/1/क-1.619 कुल किता 02 कुल रकबा 3.238 स्थित ग्राम जमुडी तहसील व जिला अनुपपूर की भूमि जिसे विक्रेतागणो के द्वारा संपत्ति के पूर्व स्वामीयो से भिन्न भिन्न विकय पत्रो के माध्यम से कय की गई है तथा उपरोक्त संपूर्ण भूमि जिसका कुल रकबा 61 एकड है को क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया है तथा उक्त भूमि के संबंध मे संपूर्ण राशी अदा कर निर्धारित समयावधी मे विक्रय पत्र का अनुबंध किया जाना शेष है। उपरोक्त भूमि के संबंध मे किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अधिकार या सुखाधिकार या हित या विकय पत्र संपादन मे किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस मे मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय मे अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा समयावधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा विकय पत्र का संपादन अपने हित मे करवा लिया जावेगा तथा समयावधि व्यतीत होने के पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होकर शुन्यवत मानी जावेगी। सूचित हो।
दिनांक-01/03/2025
लोकेश वर्मा (एडव्होकेट)
पता-155 बी विवेकानंद कालोनी, उज्जैन (म.प्र.)
मो. नंबर : 98273-46901, 9009980653